भारत में 2000 से 2020 तक कीटनाशकों का उपयोग 37.24 प्रतिशत बढ़ा

अंतरराष्ट्रीय संस्था खाद्य और कृषि संगठन (एफ ए ओ) द्वारा तैयार आंकड़ो के अनुसार, भारत में कीटनाशकों का उपयोग 2000 में 44,958 टन से बढ़कर 2020 में 61,702 टन हो गया।

इन 20 सालों में भारत का कीटनाशकों का उपयोग करीब 37.24 प्रतिशत बढ़ा। 2020 में वैश्विक कीटनाशक खपत में भारत की हिस्सेदारी लगभग 2.29 प्रतिशत थी।

दुनिया में कीटनाशकों का उपयोग 2000-2020 की अवधि के दौरान 30 प्रतिशत बढ़ा है। 2020 में कुल वैश्विक कीटनाशक उपयोग 27 लाख टन था।

इन 20 सालों में कीटनाशकों के उपयोग में अधिक वृद्धि 2000 से 2012 के बीच रही और फिर 2017 तक स्थिर हो गई। इसके बाद कीटनाशकों के उपयोग में थोड़ी कमी देखी गई।

2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा खपतकार था जिसने 4.1 लाख टन कीटनाशकों का उपयोग किया। इसे बाद ब्राज़ील और चीन थे जिन्होंने क्रमशः 3.8 लाख टन व 2.7 लाख टन कीटनाशकों का उपयोग किया।